## एक नजर में

### डिफेंस, योग, स्वच्छता और प्राकृतिक खेती पर पीएम का संदेश



**मंदसौर।** उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने रविवार को पिपलिया मंडी के बूथ क्रमांक 87 पर आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का श्रवण किया। कार्यक्रम का प्रसारण एलईडी स्क्रीन के माध्यम से किया गया, जिसे बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने देखा और सुना। प्रधानमंत्री के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के दौरान देश की उपलब्धियों, जनभागीदारी तथा सामाजिक सरोकारों से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार साझा किए गए। प्रधानमंत्री ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय योग की बढ़ती प्रतिष्ठा, स्वच्छ भारत अभियान, पौधारोपण, प्राकृतिक खेती, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, सड़क सुरक्षा, खेलों में युवाओं की उपलब्धियों तथा दुर्लभ पक्षियों के संरक्षण जैसे विषयों पर प्रेरक संदेश दिए। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री का 'मन की बात' कार्यक्रम समाज को सकारात्मक दिशा देने और जनभागीदारी को बढ़ावा देने का प्रभावी माध्यम बन चुका है। कार्यक्रम में सांसद सुधीर गुप्ता, जिला योजना समिति सदस्य राजेश दीक्षित सहित अन्य जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

### जिलेभर में शुरू हुआ पल्स पोलियो अभियान, नौनिहालों को पिलाई गई 'जिंदगी की दो बूंद'



**मंदसौर।** जिलेभर में रविवार को राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ उत्साहपूर्वक किया गया। जिला चिकित्सालय परिसर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में सांसद सुधीर गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर एवं पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसौदिया ने नौनिहालों को पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.जी.एस.चौहान, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सुरेश सोलंकी, प्रभारी सिविल सर्जन डॉ. डी.के. पिप्पल सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ जिले के सभी विकासखंडों में भी जनप्रतिनिधियों और स्वास्थ्य अधिकारियों की मौजूदगी में किया गया। सीतामऊ में नगर परिषद अध्यक्ष ने बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान का आगाज किया। वहीं गरोठ में विधायक चंदरसिंह सिसौदिया, धुंधड़का में बीएमओ डॉ. अभिषेक जैन तथा मल्हारगढ़ में जिला योजना समिति सदस्य राजेश दीक्षित ने बच्चों को 'दो बूंद जिंदगी की' पिलाकर अभियान को गति दी। स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि वे जन्म से पांच वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को नजदीकी पोलियो बूथ पर ले जाकर पोलियो की खुराक अवश्य दिलाएं। विभाग का कहना है कि सभी बच्चों की सहभागिता से ही जिले को पोलियो मुक्त बनाए रखने का लक्ष्य सफल हो सकेगा।

## 8 .57 करोड़ की लागत से बनेगी 6 .96 किमी सड़क, उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने किया भूमि पूजन



**मंदसौर।** उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने ग्राम गुड़भेली छोटी में 8 करोड़ 57 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाली बरुजना फंटे से छोटी गुड़भेली, हरसोल व्हाया बंडपिपल्या पहुंच मार्ग का भूमि पूजन किया। 6.96 किलोमीटर लंबी इस सड़क के निर्माण से क्षेत्र के अनेक गांवों को आवागमन की बेहतर सुविधा मिलेगी तथा किसानों, विद्यार्थियों, व्यापारियों एवं आम नागरिकों को सीधा लाभ होगा। कार्यक्रम में जिला योजना समिति सदस्य राजेश दीक्षित सहित अन्य जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, पत्रकार एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। भूमि पूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि इस क्षेत्र में सड़क की समस्या लंबे समय से बनी हुई थी और ग्रामीण लगातार इसकी मांग कर रहे थे। अब इस सड़क के निर्माण से क्षेत्र के अनेक गांवों की वर्षों पुरानी समस्या का समाधान होगा। बेहतर सड़क संपर्क से कृषि उपज को बाजार तक पहुंचाने में सुविधा होगी, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच आसान होगी तथा क्षेत्र के सामाजिक एवं आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी।

उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में देरी हो सकती है, लेकिन कोई भी कार्य अधूरा नहीं छोड़ा जाएगा। गांवों में विद्युत संबंधी समस्याओं का भी निराकरण किया जाएगा। मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र के जिन गांवों में मुक्तिधाम नहीं हैं अथवा वहां तक पहुंचने का मार्ग नहीं है, उन कार्यों को भी प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने निर्माण एजेंसी को सड़क निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार सभी वर्गों के हित में समान भाव से कार्य कर रही है तथा महिला, किसान, युवा सहित समाज के प्रत्येक वर्ग को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

### पिपलियामंडी कृषि उपज मंडी में 32 कैश काउंटर दुकानों का लोकार्पण



मंदसौर। उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने रविवार को पिपलियामंडी कृषि उपज मंडी में लगभग 1 करोड़ 77 लाख रुपये की लागत से निर्मित 32 कैश काउंटर (सैंड्री शॉप) दुकानों का लोकार्पण किया। इन दुकानों का उपयोग व्यापारियों द्वारा किसानों की उपज का भुगतान करने के लिए कैश काउंटर के रूप में किया जाएगा, जिससे भुगतान प्रक्रिया अधिक व्यवस्थित और सुविधाजनक होगी। लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि नई दुकानों के निर्माण से व्यापारियों के साथ-साथ किसानों को भी सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि पिपलियामंडी कृषि उपज मंडी को आदर्श मंडी के रूप में विकसित किया जाएगा तथा मंडी की सभी आवश्यकताओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मंडी विकास के लिए भेजे गए ढाई करोड़ रुपये के प्रस्तावों को भी शीघ्र स्वीकृति दिलाने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की मंडियां लगातार आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित हो रही हैं। सरकार किसानों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विश्वास जताया कि दिसंबर 2026 तक गांधी सागर का पानी हर खेत तक पहुंचाने का लक्ष्य पूरा किया जाएगा। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क निर्माण सहित विकास कार्य तेजी से किए जा रहे हैं।

## 5 जुलाई को डिकनिया में होगी नशा मुक्ति महासभा, तैयारियों को लेकर हुई महत्वपूर्ण बैठक

**मंदसौर।** संयुक्त बेरोजगार नवयुवक एकता समिति, मध्य प्रदेश के जिला कार्यालय पर रविवार को संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी 5 जुलाई 2026 को तहसील सीतामऊ की ग्राम पंचायत डिकनिया में आयोजित होने वाली विशाल नशा मुक्ति महासभा की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि महासभा के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में नशा मुक्ति, सामाजिक जागरूकता और जनहित से जुड़े विषयों पर व्यापक जनजागरण अभियान चलाया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संगठन के पदाधिकारियों को विभिन्न जिम्मेदारियों का दायित्व सौंपा गया तथा अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने की रणनीति बनाई गई।

बैठक में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष वकील बंजारा, प्रदेश लेबर सेल अध्यक्ष नईम शाह, प्रदेश उपाध्यक्ष भवानी शंकर सेन, प्रदेश संगठन मंत्री एडवोकेट विजय बैरागी, प्रदेश सहायक सचिव एडवोकेट कुलदीप पंवार, प्रदेश सचिव बलराम राठौड़, प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी भूपेंद्र शर्मा, प्रदेश संगठन मंत्री सुमन राणा, जिला अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण सूर्यवंशी, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष विद्युत लता तथा जिला उपाध्यक्ष मधुबाला सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## कांग्रेस सेवादल का मासिक ध्वज वन्दन भारत माता चौराहा पर संपन्न



**मन्दसौर।** कांग्रेस सेवादल के द्वारा माह के आखिरी रविवार को सारे देश में ध्वज वन्दन किया जाता है। इसी संदर्भ में मन्दसौर की कांग्रेस सेवादल की परम्परा का निर्वहन करते हुए मन्दसौर में ध्वज वन्दन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रीयगीत वन्देमातरम् से हुई।

ध्वज वन्दन कांग्रेस के जिला अध्यक्ष महेन्द्र सिंह गुर्जर द्वारा किया गया। इस अवसर बोलते हुए जिला अध्यक्ष महेन्द्र सिंह गुर्जर ने कहा, कांग्रेस सेवादल कांग्रेस की रीढ़ की हड्डी की तरह है। कांग्रेस सेवादल कांग्रेस का मुख्य अनुशासित संगठन है। आजादी से लेकर देश के नव निर्माण में कांग्रेस और उनके संगठन सेवादल का प्रमुख योगदान रहा। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रकाश रातड़िया ने भी सेवादल के इतिहास पर प्रकाश डाला व सेवादल के योगदान को याद किया। इस अवसर पर शहर ब्लाक अध्यक्ष इष्टा भाचावत ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए मन्दसौर में सेवादल द्वारा की जा रही गतिविधि पर प्रकाश डाला एवं योगदान की तारीफ करते हुए मन्दसौर के हर वार्ड में ध्वज वन्दन करने पर जोर दिया। सेवादल जिला अध्यक्ष दिलीप देवड़ा ने इस अवसर में सेवादल द्वारा की जा रही गतिविधियों के बारे में जानकारी दी।

इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोहनपुरी गोस्वामी, मनजीत सिंह मनी, प्रदिप बड़ोलिया, तरुण खींची, सुनील बसेर, दशरथ राठौर, संजय नाहटा, सुनील गुप्ता, राजनारायण लाड, प्रवीण जैन, कचरूलाल कुमावत, महेश गुप्ता, अजय सोनी, जयंत भटनागर, कचरूलाल कुमावत, महिला नेत्रियों में राखी सत्रावाला, योगीता बैरागी, वर्षा दोहसरिया, रवि बैरागी, शशिकांत अलावा आदि नेता मौजूद थे। संयोजन रमेश ब्रिजवानी ने किया। आभार ब्लाक सेवादल अध्यक्ष राकेश सेन सम्राट ने माना।

## 14 माह के जनसहभागिता अभियान से बदल रही शिवना नदी की तस्वीर : विधायक



**मंदसौर।** शिवना शुद्धिकरण अभियान रविवार को 131वें दिन भी पूरे उत्साह और जनसहभागिता के साथ जारी रहा। अभियान के तहत श्रमदानियों ने शिवना नदी और उसके तटों की सफाई करते हुए नदी से एक ट्रॉली कचरा बाहर निकाला। इस दौरान प्लास्टिक, पॉलीथीन, बोतलें एवं अन्य अपशिष्ट पदार्थों को हटाने के साथ ही नदी किनारे फैली गाजर घास और गंदगी की भी सफाई की गई। अभियान में शामिल विधायक विपिन जैन ने कहा कि पिछले 14 माह से लगातार चल रहा शिवना शुद्धिकरण अभियान जनसहयोग का उत्कृष्ट उदाहरण बन गया है। प्रत्येक रविवार को बड़ी संख्या में नागरिक, समाजसेवी और युवा स्वेच्छा से श्रमदान कर नदी को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाने में योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह अभियान तब तक निरंतर जारी रहेगा, जब तक शिवना नदी पूरी तरह स्वच्छ और सुंदर नहीं हो जाती। विधायक श्री जैन ने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि वे प्रत्येक रविवार सुबह 7 से 9 बजे के बीच अभियान में शामिल होकर श्रमदान करें और पर्यावरण संरक्षण की इस मुहिम को और अधिक मजबूत बनाएं। रविवार को आयोजित श्रमदान में विधायक विपिन जैन के अलावा समाजसेवी रमेश सोनी, भंवरलाल प्रजापत, हेमराज खाबिया, बालकृष्ण दवे, अनुज भंडारी, पूर्व सैनिक मुकेश गुर्जर, अमलावद के कैलाश कुमावत, राजकुमार जोशी सहित बड़ी संख्या में समाजसेवियों ने भाग लिया। महिला सहभागियों में रफत पयामी, सोनाली जैन, इष्टा भाचावत, राखी सत्रावाला, कौशल्या त्रिवेदी एवं अर्पिता गुर्जर मौजूद रहीं। वहीं कांग्रेस कार्यकर्ताओं में राजनारायण लाड़, विकास दशोरा, राजेश फरक्या, संजय नाहर, रमेश ब्रिजवानी, आमीन खान, सादिक गोरी, रमेश कुमावत, राकेश सेन, संजय बारोट, राजेश चौधरी, नितनेश बसेर, ऋषिराज लाड़, प्रिंस सत्रावाला सहित अनेक लोगों ने श्रमदान कर अभियान को सफल बनाया।

# नीमच

## एक नजर में

### जावद एसडीओपी रोहित राठौर का तबादला, हर्ष राठौर होंगे नए एसडीओपी

**जावद।** मध्यप्रदेश शासन के गृह विभाग ने भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) एवं राज्य पुलिस सेवा के अधिकारियों के तबादलों की सूची जारी करते हुए प्रदेशभर में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। जारी आदेश के तहत नीमच जिले के जावद अनुभाग में भी एसडीओपी का बदलाव किया गया है। आदेश के अनुसार, जावद के वर्तमान एसडीओपी रोहित राठौर का तबादला कर उन्हें सहायक सेनानी, हॉकफोर्स बालाघाट पदस्थ किया गया है। वहीं छतरपुर में प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक के रूप में पदस्थ हर्ष राठौर को जावद का नया एसडीओपी नियुक्त किया गया है। गृह विभाग द्वारा जारी यह तबादला आदेश 27 जून 2026 से प्रभावी माना जाएगा। पुलिस महकमे में हुए इस बदलाव के बाद जावद अनुभाग में नए नेतृत्व के साथ कानून-व्यवस्था और पुलिसिंग को लेकर नई कार्यशैली देखने को मिल सकती है।

### नवाचारों ने बदली शिक्षा की दिशा, बच्चों ने रचे सफलता के नए कीर्तिमान

**नीमच।** शासकीय प्राथमिक विद्यालय ढोलपुरा में किए गए नवाचारों का प्रभाव केवल विद्यालय की व्यवस्थाओं तक सीमित नहीं रहा, बल्कि विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर में भी अभूतपूर्व सुधार देखने को मिला है। एक समय ऐसा था जब गांव में माध्यमिक स्तर की परीक्षाओं में भी अच्छे परिणाम दुर्लभ थे, वहीं आज इसी गांव के विद्यार्थी उच्च स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं और उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त कर रहे हैं। विद्यालय में वर्ष 2018 से प्रधानाध्यापक सिद्धूलाल पुरोहित द्वारा प्रारंभ किए गए नवाचारों, नियमित शैक्षणिक मार्गदर्शन, सामुदायिक सहभागिता एवं प्रेरणादायी गतिविधियों के परिणामस्वरूप आज गांव के लगभग 35 विद्यार्थी प्रदेश के उत्कृष्ट शासकीय शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत हैं। इनमें से 4 विद्यार्थियों का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय में हुआ है, जबकि 28 विद्यार्थी सीएम राइज एवं उत्कृष्ट विद्यालयों में अध्ययन कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त गांव के 2 विद्यार्थी नीट एवं जेईई जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं और निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। ग्राम पंचायत के वर्तमान सरपंच भोपाल सिंह अहीर भी अनेक अवसरों पर यह बात सार्वजनिक रूप से कह चुके हैं कि एक समय ऐसा था जब गांव में दसवीं कक्षा भी अच्छे अंकों से उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थी बहुत कम थे, लेकिन आज इसी गांव के बच्चे 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उच्च शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। यह परिवर्तन विद्यालय में लागू किए गए नवाचारों, विद्यार्थियों के प्रति शिक्षक की सतत प्रतिबद्धता, अभिभावकों के सहयोग तथा समाज की सहभागिता का प्रत्यक्ष प्रमाण है। शिक्षा के क्षेत्र में यह उपलब्धि न केवल ढोलपुरा गांव बल्कि पूरे जिले के लिए प्रेरणादायक उदाहरण बन गई है। बाल गोपाल बैंक, माता-पिता पूजन दिवस, सांदीपनि पुरस्कार, सामुदायिक सहयोग, प्रतिभा सम्मान, जरूरतमंद विद्यार्थियों को शैक्षणिक सहायता तथा बचत और संस्कार आधारित गतिविधियों ने विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण विकसित किया है। यही कारण है कि आज शासकीय प्राथमिक विद्यालय ढोलपुरा केवल एक विद्यालय नहीं, बल्कि ग्रामीण शिक्षा परिवर्तन का एक सफल मॉडल बन चुका है, जिसकी चर्चा जिला स्तर से लेकर विभिन्न सामाजिक एवं शैक्षणिक मंचों तक हो रही है। 'जहां कभी शैक्षणिक उपलब्धियां सीमित थीं, वहीं आज उसी गांव के विद्यार्थी नवोदय, सीएम राइज, उत्कृष्ट विद्यालय, नीट और जेईई जैसे उच्च शैक्षणिक लक्ष्यों की ओर अग्रसर हैं। यह परिवर्तन नवाचार, समर्पण और सतत प्रयासों की प्रेरक कहानी है।'

## क्या एक लाख रु. से नीचे आएगी सोने की कीमत, सराफा बाजार में चर्चा



**नीमच। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ती आर्थिक और भू-राजनीतिक हलचलों का असर अब सराफा बाजार पर साफ दिखाई देने लगा है। पांच माह पहले रिकॉर्ड ऊंचाई छूने वाले सोना-चांदी के दाम अब तेजी से नीचे आ रहे हैं। इस अप्रत्याशित गिरावट ने निवेशकों के साथ-साथ व्यापारियों की भी चिंता बढ़ा दी है।**

बाजार में अब यह चर्चा जोर पकड़ रही है कि यदि वैश्विक परिस्थितियां इसी तरह बनी रही तो चांदी के भाव 1.80 लाख रुपये प्रति किलो और सोना एक लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के नीचे तक आ सकता है। गत दिवस सराफा बाजार में चांदी 2.22 लाख से 2.25 लाख रुपये प्रति किलो के बीच खरीदी-बेची गई, जबकि सोना 1.43 लाख से 1.44 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार करता रहा। कुछ माह पहले तक लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहे इन दोनों कीमती धातुओं में आई तेज गिरावट ने बाजार का माहौल पूरी तरह बदल दिया है।

**रतलाम सराफा बाजार की देशभर में है पहचान:** उच्च गुणवत्ता और शुद्धता के लिए देशभर में पहचान रखने वाले रतलाम सराफा बाजार में इन दिनों कारोबारियों के बीच सतर्कता का माहौल है। जिन निवेशकों ने ऊंचे भाव पर सोना-चांदी खरीदा था, वे अब संभावित और गिरावट की आशंका से चिंतित हैं। कई निवेशक फिलहाल नई खरीदारी से दूरी बनाकर बाजार की दिशा पर नजर रखे हुए हैं।

**बाजार का रुख तेजी से बदल गया:** सराफा कारोबारियों का कहना है कि वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों, अंतरराष्ट्रीय बाजारों में उतार-चढ़ाव, निवेशकों की बदलती रणनीति और डॉलर की मजबूती जैसे कारकों का सीधा असर कीमती धातुओं के दाम पर पड़ रहा है। यही कारण है कि कुछ ही समय में बाजार का रुख तेजी से बदल गया है। यदि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थिरता नहीं आती है तो कीमतों में आगे भी लंबा उतार-चढ़ाव बना रह सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि लंबे समय के निवेशकों को घबराकर निर्णय लेने से बचना चाहिए, जबकि अल्पकालिक निवेशकों को बाजार की चाल पर नजर रखते हुए सोच-समझकर निवेश करना चाहिए। फिलहाल सराफा बाजार में खरीदार और व्यापारी दोनों ही अगले कुछ दिनों की गतिविधियों पर नजर टिकाए हुए हैं। आने वाले समय में वैश्विक संकेत ही यह तय करेंगे कि कीमती धातुओं में गिरावट का दौर जारी रहेगा या बाजार फिर से संभलने की कोशिश करेगा।

**खरीदी बिक्री पर पड़ रहा असर:** सराफा व्यवसायी मुकेश सक्सेना का कहना है कि सोना-चांदी के भाव में अत्यधिक उतार-चढ़ाव ने सभी की चिंता बढ़ा दी है। बीते दो-तीन दिन से लगातार नीचे आ रहे भाव को लेकर बाजार में सोना-चांदी के और नीचे जाने की धारणा बन गई है। इससे असमंजस की स्थिति निर्मित हो गई है और खरीदी-बिक्री पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

## कर्बला में उमड़ा आस्था का जनसैलाब, मनाया तीजा

**▸ शेख सैय्यद पठान कमेटी ने की जल सेवा**

**नीमच।** पैगंबर मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन एवं उनके साथियों की शहादत की याद में नीमच जिले में मोहर्रम पर्व मनाया गया। इसी कड़ी के तहत रविवार को तीजा मनाया गया। जिसमें नीमच सिटी, केन्ट ,बघाना तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से जायरीनों की आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा, जायरीनों के लिए शेख सैय्यद पठान कमेटी के सदर सलीम खान के नेतृत्व में पूरी टीम द्वारा जल सेवा की गई। उन्होंने कहा कि कर्बला का वाकिया हमें पैगाम देता है भुखें व्यक्ति को खाना खिलाओ तथा प्यासे को पानी पिलाओ, जालिम के जुल्म के खिलाफ आवाज उठाओ नहीं तो पूरी दुनिया से इंसानियत खत्म हो जाएगी। झंझारवाड़ा स्थित कर्बला में पहुंचकर सभी रोजों पर फुल,इत्र,लोबान से अपनी-अपनी मन्नत उतारी जिसमें हिंदू मुस्लिम समाज के लोग सहित बच्चे बूढ़े शामिल थे। बहुत से लोगों ने मन्नत मांगी तथा महिलाओं ने खुट की रस्म तालाब किनारे अदा की ज्ञात रहे की मुहर्रम पर ताजियें निकाल कर जिले भर में शहादत पर्व मनाया गया। आरिफ शेख ने बताया की कर्बला मैदान पर मेलें जैसा नजारा दिखा । इस अवसर पर अकीदतमंदों ने शरबत, हलीम,तबर्रुक का वितरण किया गया। इस अवसर पर सैय्यद हसन अली,जाहिद भाई कादरी, हयात खान चाचा,यूनुस उर्फ छुट्टन खान आदि मोजुद रहे। सुरक्षा की दृष्टि से बघाना पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद रहा ।

## सेवादल ने सरवानिया महाराज में ध्वजारोहण कर महापुरुषों को किया नमन

**नीमच।** कांग्रेस सेवादल जिला नीमच द्वारा इस माह के आखिरी रविवार को राष्ट्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत नीमच जिला मुख्यालय के प्रमुख नगर सरवानिया महाराज में बस स्टैंड पर प्रातः 10:30 बजे राष्ट्रीय ध्वज का ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सेवादल के जिला अध्यक्ष गजेंद्रसिंह यादव के नेतृत्व में आयोजित इस ध्वजारोहण कार्यक्रम में कांग्रेस एवं सेवादल से जुड़े पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता अच्छी खासी संख्या में सम्मिलित हुए। सर्वप्रथम निर्धारित समय पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया, उसके बाद उपस्थित जन ने भारत देश के महापुरुषों को नमन किया। इस अवसर पर उपस्थित जन को संबोधित करते हुए सेवादल जिला अध्यक्ष गजेंद्र सिंह यादव ने कहां की वर्तमान में भाजपा सरकार विदेशी ताकतों के इशारे पर देश में राज कर रही है, जो देशवासियों के साथ अन्याय साबित हो रहा है। अयोध्या के श्री राम मंदिर में लगभग 200 करोड रुपए के दान की चोरी मामले में भाजपा का असली चेहरा जनता के सामने आ गया है। इस मामले में देश एवं प्रदेश की सरकार ने श्री राम भक्तों की आस्था के साथ खिलवाड़ करने का काम किया है। इसलिए हमें भी एकजुट होकर कांग्रेस पार्टी को मजबूत करना होगा।

## एक नजर

**किसानों ने बारिश को खरीफ फसलों के लिए लाभकारी बताया है, अब बोवनी शुरू होगी**

## नीमच में मानसून की जोरदार दस्तक, किसानों के चेहरे खिल उठे




**नीमच।** कई दिनों के लंबे इंतजार के बाद रविवार को मानसून ने नीमच जिले में जोरदार दस्तक दी। दिनभर की भीषण उमस और गर्मी के बाद दोपहर करीब 3.15 बजे मौसम ने अचानक करवट ली और काले घने बादलों के बीच शुरू हुई झमाझम बारिश ने पूरे शहर का मौसम खुशनुमा बना दिया। बारिश से लोगों को गर्मी और उमस से बड़ी राहत मिली, वहीं किसानों के चेहरों पर भी खुशी लौट आई।

बारिश शुरू होते ही शहर की प्रमुख सड़कें पानी से लबालब हो गईं। बाजारों में लोगों ने बारिश का आनंद लिया, जबकि कई स्थानों पर जलभराव के कारण वाहन चालकों को धीमी गति से गुजरना पड़ा। बच्चों ने बारिश में भीगकर मौसम का भरपूर आनंद लिया। किसानों के लिए यह बारिश खरीफ सीजन की दृष्टि से बेहद लाभदायक मानी जा रही है। खेतों में पर्याप्त नमी आने से सोयाबीन, मक्का सहित अन्य खरीफ फसलों की बुवाई में तेजी आने की उम्मीद है। हालांकि शहर के कुछ निचले क्षेत्रों में जलभराव से लोगों को असुविधा का सामना भी करना पड़ा। लगातार पड़ रही उमस और गर्मी से परेशान लोगों के लिए यह बारिश राहत लेकर आई है। बारिश के बाद वातावरण में ठंडक महसूस की गई और मौसम काफी हद तक सुहावना हो गया। हालांकि बीच-बीच में उमस का असर भी बना रहा, जिससे पूरी तरह राहत नहीं मिल सकी। किसानों ने इस बारिश को खरीफ फसलों के लिए लाभकारी बताया है। खेतों में नमी बढ़ने से बोवनी और फसलों की प्रारंभिक बढ़वार को मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।